## कर्मचारियों में आक्रोश, पुलिस में शिकायत
# हैंड पम्प टेक्निशियन पर हमला





हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

न्यूटन चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत डुंगरिया में हैंडपम्प सुधारने के बाद टेक्निशियन लाल सिंग ठाकुर पर गांव के ही एक व्यक्ति ने लिफ्टर से हमला कर दिया । जिससे टेकनीशियन के हाथों में चोट आई है । कार्यस्थल पर मौजूद अन्य कर्मचारियों के बीच बचाव से बड़ी घटना होने से टल गई।घटना के बाद कर्मचारियों में आक्रोश है । मामले को लेकर सभी कर्मचारी टेकनीशियन के साथ न्यूटन पुलिस चौकी पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई । टेकनीशियन लाल सिंह ठाकुर ने बताया की हैंडपम्प में पाइप डालने के दौरान अजय चौधरी नामक व्यक्ति अतिरिक्त तीन पाइप और डालने का दबाव बनाने लगा । उसे समझाया गया , कि जितनी आवश्यकता है उतने है पाइप डाले जाएंगे , पर वह नहीं माना और जिद करने लगा । हैंडपम्प सुधारने में उपयोग होने वाला लिफ्टर उठाकर सिर पर मारने का प्रयास किया , लेकिन मेरे द्वारा हाथ से रोका गया , जिस से दोनों हाथों में चोट आई है । पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामला जांच में लिया है ।

### कर्मचारियों में खौफ और आक्रोश

घटना से हैंडपम्प का काम कर रहे कर्मचारियों में एक ओर जहां घटना को लेकर आक्रोश है , तो वहीं घटना से खौफ भी है । उनका कहना है , कि उन्होंने दूर - दराज क्षेत्रों में काम करना पड़ता है , इस दौरान तरह - तरह के लोगों और परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है , जहां तक हो सकता है वह अपने स्तर पर संभाल लेते हैं पर डुंगरिया में हुई घटना से कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है । इस मामले में कड़ी कार्रवाई नहीं होती है तो सोमवार से समस्त कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे ।

### खबर संक्षेप

### शनिवार और रविवार को भी खुले रहेंगे निगम के काउंटर

छिंदवाड़ा। वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति के नजदीक है अतः सभी करदाता जिनका भी संपत्ति कर एवं जल उपभोक्ता प्रभार बाकी है 31 मार्च के पहले निगम के कुकड़ा जगत जोन कार्यालय, जीएसटी ऑफिस के सामने सेवा सदन, जगन्नाथ स्कूल के पीछे जोन कार्यालय, नगर निगम मुख्यालय, लोनिया करबल जोन कार्यालय, चंदनगांव जोन कार्यालय संपत्ति कर एवं जलकर संग्रहण काउंटर में अपने बकाया जलकर एवं संपत्ति कर का भुगतान 31 मार्च तक कर सकते है। निगमायुक्त के आदेश पर विशेष वसूली अभियान अंतर्गत दिनांक 21 फरवरी दिन शनिवार और 22 फरवरी दिन रविवार को भी निगम एवं जोन के सभी काउंटर्स खुले रहेंगे। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने बताया कि वर्तमान में जारी आवासीय संपत्ति कर के बिल में वर्ष 2025-26 की राशि 50 प्रतिशत छूट के साथ लिखी गई है। अतएव करदाता को बिल में लिखी राशि ही जमा करना है। इसके साथ ही इस बिल का भुगतान यदि चालू वित्तीय वर्ष अर्थात 31 मार्च तक नहीं किया जाता है तो संपत्ति कर की राशि की छूट समाप्त हो होगी अर्थात अगले वर्ष में राशि 100 प्रतिशत हो जाएगी।

### वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक

छिन्दवाड़ा:- वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र.जिला शाखा छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली ने बताया कि रविवार को जनसेवा केन्द्र शिव नगर कॉलोनी छिन्दवाड़ा में मासिक बैठक आहूत की गयी है। जिसमें प्रांतीय शाखा द्वारा पेंशनरों की लंबित मांगों के लिये किये जा रहे प्रयासों के संबंध में चर्चा कर सुझाव लिये जायेंगे ,साथ ही जिन पेंशनरों ने वार्षिक सदस्यता शुल्क नहीं जमा किये है वे भी शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त करने का निवेदन है। अतः सभी पेंशनर साथियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनायें।

## गांव की बेटी के एक फोन पर सांसद ने किया समस्या का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

हर जन मानस के सुखःदुख मे हरदम शामिल होने वाले संवेदनशील जननायक सांसद बंटी विवेक साहू ने एक बार फिर संवेदनशीलता का परिचय दिया है। असम प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू को चौरई विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम धनौरा बारह बरियारी की एक बेटी ने फोन किया, उसने सांसद श्री साहू को बताया कि गांव में रहने वाले बच्चों के पेपर चल रहे है, लेकिन दस दिनों से गांव में लाईट नहीं होने से वे पढ़ाई नहीं कर पा रहे है। इस दौरान ग्रामीणों ने भी सांसद श्री साहू से विडियो कॉल के माध्यम से बात करते हुए गांव में बिजली उपलब्ध कराने का निवेदन किया था।

गांव की बेटी और ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशील जननायक सांसद बंटी विवेक साहू ने तत्काल ही बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन लगाकर गांव में तत्काल बिजली शुरू करने के निर्देश दिए। सांसद श्री साहू के निर्देश पर कुछ देर बाद ही बिजली शुरू कर दी गई। अपनी शिकायत का निराकरण होने पर ग्रामीणों और गांव के बच्चों ने सांसद बंटी विवेक साहू को वीडियो कॉल कर गांव में बिजली उपलब्ध कराने के लिए आभार व्यक्त किया।

## आशुतोष वरदेय का गुवाहाटी में किया सम्मान

छिंदवाड़ा। तीन आंतकवादियों को मारने वाले छिंदवाड़ा की माटी के लाल आशुतोष वरदेय को वीरता पदक मिलने पर सांसद बंटी विवेक साहू ने गुवाहाटी में सम्मान किया। इस दौरान सांसद श्री साहू ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में उप कमांडेट के पद पर पदस्थ आशुतोष वरदेय की वीरता और साहस की सराहना करते हुए कहा कि आशुतोष को वीरता पदक मिलना छिंदवाड़ा के लिए गर्व और गौरव की बात है। इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि आशुतोष वरदेय जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उनकी इस वीरता और साहस से जिले के युवा प्रेरणा लेकर देश की सेवा करने के लिए आगे आएगें। उन्होंने आशुतोष वरदेय के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें और उनके परिवार को शुभकामनाएं दी।

## 1300 कि.ग्रा. महुआ लहान एवं 20 लीटर हाथ भट्टी शराब की जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार एसडीएम परासिया शुभम कुमार यादव एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में वृत्त चाँदामेटा प्रभारी अधिकारी द्वारा आज उमरेठ क्षेत्र के ग्राम गाजनडोह, गौरपानी, जमुनिया जेठू में दबिश कार्यवाही की गई। सबसे पहले आबकारी दल द्वारा ग्राम गाजनडोह के समीप नाला के किनारो में बने हाथ भट्टी शराब के अड्डों पर कार्यवाही की गई, जहाँ नाला के किनारे झाड़ियों में छुपाकर रखे महुआ लहान से भरे प्लास्टिक की बोरी बरामद की गई। जहाँ से 08 प्लास्टिक की बोरियों में लगभग 400 कि.ग्रा. लहान के सैंपल लेकर शेष लहान को नष्ट किया गया।

इसके बाद आबकारी अमला द्वारा गौरपानी में नदी के किनारे बने अड्डों में दबिश दी गई, जहाँ से अलग-अलग स्थानों में छुपाकर रखे 10 लहान की बोरियों को मौके पर हीं सैंपल लेकर 500 कि.ग्रा. लहान नष्ट किया गया तथा एक प्लास्टिक की बोरी में रखा लगभग 20 लीटर हाथ भट्टी भी बरामद किया गया। इसके बाद आबकारी बल जमुनिया जेठू में नाला किनारे से 02 प्लास्टिक के ड्रम में भरा 400 कि.ग्रा. लहान बरामद कर मौक़े पर हीं नष्ट किया गया एवं मदिरा निर्माण की सामग्री को जप्त किया गया।

## कांग्रेस ने फूंका विजयवर्गीय का पुतला



परासिया :- भोपाल विधानसभा सत्र के दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बीच हुए वाक युद्ध और मंत्री की ओर से की गई टिप्पणी से नाराज कोंग्रेसियों ने मंत्री विजय वर्गीय का पुतला फूंका ।शनिवार को ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कमल राय के नेतृत्व में रैली निकाली गई । पुतले को साथ में लेकर अपने कार्यालय से निकले । भाजपा सरकार और मंत्री के खिलाफ नारे बाजी की । पुलिस पुतला न जले इसके पूरी तरह मुस्तैद थी । फायर ब्रिगेड भी तैयार खड़ी थी । कोंग्रेसी पुतला लेकर तहसील कार्यालय से पेट्रोल पंप की ओर निकले और रास्ते में ही पुतले में आग लगा दी । बावजूद इसके पुलिस ने दौड़कर पुतला बुझाने का प्रयास किया । अध्यक्ष कमल राय ने कहा कि मंत्री विजय वर्गीय ने नेता प्रतिपक्ष और आदिवासी नेता श्री सिंघार के प्रति जो कहा वह सरासर गलत है । ये आदिवासियों का अपमान है । कांग्रेस यह कभी बर्दास्त नहीं करेगी । भाजपा के मंत्री , नेता सत्ता के मद में कुछ कहने करने नहीं नहीं डर रहे हैं । कांग्रेस हर स्तर पर विरोध करेगी । इस पुतला दहन कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष कमल राय , कार्यकारी अध्यक्ष गगन खंडूजा , नगर अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह , समन्वयक बसंत मालवीय , संयुक्त महामंत्री अलाउद्दीन खान , सुनील जायसवाल , प्रवक्ता विवेक मिश्रा , महिला नेत्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## अभिमन्यु सृजन एवं सम्मान जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक



पांढुर्णा। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार माह जनवरी 2026 से महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए "अभिमन्यु सृजन एवं सम्मान" जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा श्री सुन्दर सिंह कनेश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा श्री नीरज कुमार सोनी के निर्देशन में प्रतिदिन सृजन सम्मान अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 21.02.2026 को थाना पांढुर्णा अंतर्गत एनएसएस शिविर राजना में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल राजना के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को "अभिमन्यु सृजन एवं सम्मान विशेष अभियान" के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम तथा महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, सायबर अपराधों से बचाव, यातायात नियमों की जानकारी, "मुस्कान" विशेष अभियान, सायबर फ्रॉड से सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम, डायल-112 सेवा, गुड टच एवं बैड टच, बाल विवाह उन्मूलन, पॉक्सो एक्ट, संविधान एवं कानून, ट्रैफिक नियम एवं महिला सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों को जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा सायबर माध्यम से हो रहे सायबर फ्रॉड के संबंध में विशेष रूप से जागरूक करते हुए अनजानी लिंक पर क्लिक न करने तथा अनजान व्यक्तियों के साथ ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के प्रति प्रेरित किया गया तथा महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों एवं करियर संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। शासन द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आकस्मिक हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं सायबर फ्रॉड हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी भी दी गई तथा महिला सुरक्षा एवं सम्मान के विषय में विस्तार से अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी निरीक्षक संध्यारानी सक्सेना, पुलिस स्टाफ, शिक्षकगण एवं लगभग 100-150 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण में छिन्दवाड़ा जिला इस माह भी ' ए ' ग्रेड में

छिन्दवाड़ा। राज्य स्तर से 21 फरवरी 2026 को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में माह जनवरी 2026 की ग्रेडिंग जारी की गई, जिसमें इस बार भी छिंदवाड़ा जिला ए ग्रेड में शामिल रहा है। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा की गई सतत मॉनिटरिंग के फलस्वरूप 81.45 प्रतिशत वेटेज स्कोर और ए ग्रेड के साथ जिले ने यह उपलब्धि हासिल की है। कलेक्टर श्री नारायन द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की स्वयं नियमित समीक्षा की जाती है। उनके द्वारा विभागवार शिकायतों की गंभीरता से समीक्षा कर समयबद्ध और संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। अधिकारियों की बैठक लेकर प्रकरणों की प्रगति पर नजर रखी जाती है और लापरवाही पर कार्रवाई भी की जाती है। जनवरी माह की रैंकिंग में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा ने 96.96 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ प्रदेश में चौथा और छिंदवाड़ा पुलिस ने 87.21 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह जिला पंचायत छिंदवाड़ा ने भी 83.11 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड में स्थान हासिल किया है। कलेक्टर श्री नारायन ने पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडेय, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, नगर निगम आयुक्त श्री सी.पी.राय सहित 'ए' ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों के अधिकारियों एवं सीएम हेल्पलाइन के प्रभारी अधिकारी श्री राहुल कुमार पटेल को बधाई दी है और आगे इसे बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बी और सी ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों को स्थिति में सुधार करने, जबकि डी ग्रेड वाले विभागों को कड़ी मेहनत और समयबद्ध निराकरण के लिए सख्त हिदायत दी है।

## जिला स्तरीय बैलगाड़ी पट प्रतियोगिता 25 फरवरी को

छिन्दवाड़ा। मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत पारंपरिक खेलों के प्रोत्साहन के लिये जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय बैलगाड़ी दौड़ पट प्रतियोगिता का आयोजन 25 फरवरी को प्रातः 9:00 बजे से ग्राम पंचायत भानादेही जनपद पंचायत छिंदवाड़ा में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने और मुख्य रूप से किसानों में पशुपालन को बढ़ावा देने और उन्हें संरक्षण देने और पारंपरिक लोकप्रियता को बनायें रखने के उद्देश्य को पूरा करने के लिये आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21000 रूपये, द्वितीय 11000 रूपये, तृतीय 5100 रूपये एवं तीन सांत्वना पुरस्कार 1100 रुपये के प्रदान किए जाएंगे। यह प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क होगी। जिला प्रशासन सभी किसानों से अनुरोध करता हैं कि इस पारंपरिक खेल को जीवंत रखने और प्रोत्साहित करने के लिये अधिक से अधिक संख्या में भाग ले सकेंगे। पंजीयन 25 फरवरी 2026 को प्रातः 09 से 10 बजे तक रहेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला छिंदवाड़ा में संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त मोबाइल नंबर- 8770482103 और 9399312502 परी भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## जटिल डिस्टोसिया के मामले में समय रहते सफल उपचार, गाय और बछिया दोनों की बची जान

छिन्दवाड़ा। आज एक जटिल डिस्टोसिया (प्रसव कठिनाई) के मामले में समय पर सफल उपचार कर एक गाय एवं उसकी बछिया का जीवन सुरक्षित बचाया गया। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा इस जटिल केस का कुशलतापूर्वक उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गाय को प्रसव के दौरान गंभीर कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था, जिससे उसकी तथा गर्भस्थ बछिया की जान को खतरा उत्पन्न हो गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल उपचार किया गया और विशेषज्ञता के साथ सुरक्षित प्रसव कराया गया। समय रहते किए गए उपचार से गाय की बछिया को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे माँ और बच्चे—दोनों की जान बचाई जा सकी। इस सफल उपचार से पशुपालक ने राहत की सांस ली तथा अपनी गाय एवं बछिया का जीवन बचाने के लिए डॉ. साहब के प्रति हार्दिक साधुवाद एवं आभार व्यक्त किया। पशुपालन विभाग द्वारा समय पर दी गई इस चिकित्सा सहायता से पशुपालकों में विश्वास और संतोष की भावना और अधिक मजबूत हुई है।

## साप्ताहिक जैविक हाट बाज़ार में उमड़ी भारी भीड़, जैविक उत्पादों की हुई खरीदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में जिले में प्रारंभ किए गए साप्ताहिक जैविक/प्राकृतिक हाट बाज़ार में आज शहरवासियों की भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान लोगों ने जैविक सब्जियों, फलों एवं अन्य जैविक उत्पादों की जमकर खरीदी की। जैविक और प्राकृतिक उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण अब शहरवासियों को इस साप्ताहिक हाट बाज़ार का बेसब्री से इंतज़ार रहता है।

प्रत्येक सप्ताह लगभग चार से पाँच सौ उपभोक्ता इस हाट बाज़ार में पहुंचकर जैविक उत्पादों की खरीदी कर रहे हैं, जिनमें से लगभग तीन सौ उपभोक्ता नियमित रूप से हर सप्ताह उपस्थित रहते हैं। कई उपभोक्ता सुबह 10 बजे ही बाज़ार पहुंच जाते हैं, ताकि वे अपनी पसंद के अनुसार ताज़ी और उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियां एवं फल खरीद सकें। दोपहर लगभग 2 बजे तक अधिकांश उत्पादों की बिक्री हो चुकी थी।

आज उपसंचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह भी विभागीय अधिकारियों के साथ हाट बाज़ार पहुंचे और उन्होंने भी जैविक उत्पादों की खरीदी की। इससे किसानों और उपभोक्ताओं दोनों में उत्साह का माहौल देखा गया।

## कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बादल भोई का बलिदान दिवस

छिन्दवाड़ा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पेनवासी बादल भोई परानी का बलिदान दिवस राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया। बादल भोई जी के संघर्ष उनके बलिदान व जल, जंगल, जमीन के लिए लड़ी लड़ाई पर कांग्रेस के वक्ताओं ने प्रकाश डालते हुए उन्हें शत-शत नमन किए। राजीव भवन के उपरांत कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण एकजुट होकर बादल भोई आदिवासी संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

कांग्रेस आदिवासी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम ने राजीव भवन में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सर्व आदिवासी समाज को एकजुट होकर आदिवासी समाज के हित व अधिकार के लिए सतत रूप से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह जिला मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ का जिला है।

## उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उठाई भवन निर्माण की मांग

### नकुल-कमलनाथ ने दी थी सौगात, भाजपा ने रोका बजट इसीलिये नहीं बना भवन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र के तत्कालीन सांसद नकुलनाथ ने 31 दिसम्बर 2018 को उद्यानिकी महाविद्यालय की सौगात संसदीय क्षेत्र के जन-जन को दी थी। वर्ष 2019 में महाविद्यालय की स्थापना हुई। 44 हेक्टेयर में 134 करोड़ की लागत से भवन का निर्माण होता था, किन्तु भाजपा ने धनबल और षड्यंत्र से माननीय कमलनाथ जी की सरकार गिरा दी। भाजपा की सरकार बनते ही सारे विकास कार्यों को रोक दिया गया। इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि उद्यानिकी महाविद्यालय आज दो छोटे कमरों में संचालित हो रहा और कृषि महाविद्यालय प्रारंभ नहीं होने दिया। छिन्दवाड़ा से बदले की भावना रखने वाली भाजपा के कारण आज उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षण से लेकर प्रायोगिक शिक्षण हेतु पर्याप्त जगह नहीं है जिसके कारण उन्हें अनेकों परेशानियों व कठिनाइयों का सामना सतत रूप से करना पड़ रहा है। सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत जिला मुख्यालय से लगे ग्राम गुरैया पहुंचे विद्यार्थियों ने किसान भाइयों के खेतों का भ्रमण कर आवश्यक जानकारियां साझा की साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे से भेंट की। छिन्दवाड़ा के उद्यानिकी महाविद्यालय में मप्र के विभिन्न जिलों से अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों ने श्री ओकटे के माध्यम से कमलनाथ एवं नकुलनाथ से आग्रह किया कि अविलम्ब हॉर्टिकल्चर कॉलेज भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कराएं ताकि आगामी वर्षों में आने वाले विद्यार्थियों को उन परेशानियों का सामना ना करना पड़े जिसका वे स्वयं कर रहे हैं।

भवन के अभाव में कक्षाओं में बैठने की समस्या, छात्र व छात्राओं के लिए सर्वसुविधायुक्त छात्रावासों का अभाव, केंटिन नहीं होने के कारण खाना व नाश्ते की समस्या से लेकर अन्य परेशानियां विद्यार्थियों के द्वारा बताई गई।

## बाल क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित अमन मर्सकोले की स्मृति में संपन्न हुआ

छिंदवाड़ा। ग्राम मोआदेई मे अंडर 19 टूर्नामेंट अमन मर्सकोले कि स्मृति में संपन्न हुआ इस टूर्नामेंट में 16 टिमो ने भाग लिया जिसमें रोहना ओर यादव 11 परासिया फाइनल में प्रवेश किया रोहना ने फाइनल का खिताब जीता पहला इनाम दया राम चैधरी जी द्वारा 15000 हजार की राशि भेंट की गई दूसरा इनाम मानेगांव पंचायत सरपंच कन्हैया सूर्यवंशी द्वारा 7000 की राशि दी गई एवं कार्यक्रम में मुख्य रूप से बजरंग दल जिला सहसंयोजक नितेश पटेल पूर्व सांसद प्रतिनिधि अंकित बन्देबार, अजय वंशकार, सतीश कर्पे, धनपाल सूर्यवंशी,अनील बंशकार मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

### डीम्ड भवन अनुज्ञा लेते समय शासन की नियम एवं शर्तों की अवश्य प्राप्त करें जानकारी

## वैध कॉलोनी के खसरों का दुरुपयोग कर कंसलटेंट ने हासिल की बिल्डिंग परमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा




शासन द्वारा नगर निगम से कॉलोनी विकास अनुमति प्राप्त वैध कॉलोनियों में 2000 वर्गफीट तक के भूखंडों पर भवन निर्माण के लिए पंजीकृत कंसलटेंट के माध्यम से डीम्ड बिल्डिंग परमिशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत ABPAS 3.0 पोर्टल से जारी डीम्ड भवन अनुज्ञाओं की निगमायुक्त सी.पी. राय के निर्देश पर जांच की गई, जिसमें 17 फाइलों में अनियमितताएं सामने आई हैं।जांच में यह तथ्य सामने आया है कि वैध कालोनियों के खसरों का उपयोग करते हुए ग्रीन लैंड पर स्थित भूखंडों तथा पूर्व से निर्मित भवनों को डीम्ड परमिशन के अंतर्गत वैध दर्शाया गया। जांच में कंसल्टेंट द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के मिलान में वास्तविक स्थिति और अभिलेखों के बीच स्पष्ट अंतर पाया गया। कई प्रकरणों में निर्माण कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका था, इसके बावजूद पूर्व अनुमति के बिना किए गए निर्माण को बाद में डीम्ड बिल्डिंग परमिशन प्रक्रिया में शामिल किया गया।

डीम्ड परमिशन प्रक्रिया स्वतः लागू होती है और इसमें पंजीकृत कंसलटेंट के आवेदन करने के उपरांत पोर्टल द्वारा फीस जनरेट की जाती है एवं फीस भुगतान करने के उपरांत डीम्ड परमिशन निकाली जा सकती है। नगर निगम के अधिकारियों अथवा कर्मचारियों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से कोई अनुमति जारी नहीं की जाती। जांच डीम्ड परमिशन के लिए प्रस्तुत किए गए तकनीकी दस्तावेज, भूमि उपयोग संबंधी विवरण तथा स्थल की वास्तविक स्थिति पर केंद्रित रही। इन 17 फाइलों की जांच में संबंधित कंसलटेंट्स की भूमिका भी सामने आई है। जिन कंसलटेंट्स के प्रकरण जांच में आए हैं, उनमें कुंदन साहू, तुकेश विश्वकर्मा, अतुल सक्सेना एवं शैलेन्द्र श्रीवास्तव के नाम शामिल हैं। जांच में पाया गया कि इनके द्वारा प्रस्तुत नक्शों एवं अभिलेखों में कई स्थानों पर भूमि की श्रेणी और निर्माण की स्थिति को लेकर विरोधाभास है। वैध कॉलोनी के नाम एवं खसरे का उपयोग करते हुए आवेदन किए गए, जबकि आवेदक का मूल खसरा क्रमांक वैध कॉलोनी की श्रेणी में नहीं आता था। निगम आयुक्त ने आम जन से अपील की है कि डीम्ड भवन अनुज्ञा लेते समय शासन की नियम एवं शर्तों की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

### कंसल्टेंट के पंजीयन होंगे निरस्त

जांच के आधार पर संबंधित पंजीकृत कंसलटेंट कुंदन साहू, तुकेश विश्वकर्मा, अतुल सक्सेना एवं शैलेंद्र श्रीवास के पंजीयन निरस्त करने हेतु पत्र संचालनालय भेजा गया है।

## मुनि संघ की अगवानी से भक्ति के जयकारों से गूंजा सौंसर क्षेत्र

# नगर में निकली कलश यात्रा से गुंजायमान हुआ नगर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शहर के सिविल लाइन स्थित श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर में इन दिनों भक्ति और अध्यात्म की अविरल धारा बह रही है। श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य विशुद्धरत्न मुनि श्री 108 सुप्रभ सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 प्रणत सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में पांच दिवसीय श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान, मूलवेदी व मानस्तंभ शिलान्यास एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम का शुभारंभ मुनि संघ की अगवानी और भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सिर पर मंगल कलश धारण किए महिलाएं जयकारों के साथ शहर के मुख्य मार्गों से गुजरीं, जिससे पूरा वातावरण धर्ममय हो गया। कार्यक्रम स्थल पर ध्वजारोहण के पश्चात भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक, इंद्र प्रतिष्ठा, सकलीकरण और जाप अनुष्ठान संपन्न हुआ। विधानाचार्य पंडित अखिलेश शास्त्री के कुशल निर्देशन में सिद्धचक्र महामंडल विधान की पूजा अर्चना की जा रही है।

जैन मंदिर अध्यक्ष श्री यू.सी. जैन ने बताया कि मंदिर में नवनिर्मित मूलवेदी और मानस्तंभ के उपलक्ष्य में यह विशेष अनुष्ठान आयोजित है। आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 8 वर्ष से अधिक आयु के बालकों का उपनयन संस्कार होगा। मुनि श्री के कर-कमलों से संपन्न होने वाला यह संस्कार रत्नत्रय (सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चरित्र) का प्रतीक माना जाता है, जो बालकों को आध्यात्मिक मार्ग और देव-शास्त्र-गुरु की सेवा के योग्य बनाता है। प्रतिदिन शाम 6 बजे मुनि श्री सुप्रभ सागर जी महाराज के मुखारविंद से मंगल प्रवचन और 'सम्यक समाधान' कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इसमें श्रावक अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर रहे हैं।

मुनि श्री के ओजस्वी विचारों को सुनने के लिए जिले भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सौसर पहुँच रहे हैं। अध्यक्ष श्री जैन ने आगे जानकारी दी कि वर्तमान में निर्माण कार्य पूर्ण होने की खुशी में यह पांच दिवसीय विधान आयोजित है। आने वाले समय में निर्माण कार्य की पूर्णता पर सौसर नगर में एक अत्यंत भव्य 'पंचकल्याणक महोत्सव' का आयोजन भी किया जाएगा।

## पोषक आहार एवं आत्मरक्षा की जानकारी से अवगत हुई स्वयं सेविकाएं



**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छात्रा इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन ग्राम उमरिया फदाली में विविध सामाजिक एवं जागरूकता गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ए. के. टांडेकर के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि नागवंशी के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं द्वारा ग्राम में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए पॉलीथिन का उपयोग न करने की समझाइश दी गई तथा पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण का संदेश दिया गया।महिला एवं बाल विकास विभाग से आई 12 कार्यकर्ताओं सुनीता सोनी, लता नागले, मंजु बरसिया, कविता डाहट, माया नामदेव, शारदा सोनी, सुषमा डेहरिया, कविता दुसाद, दुर्गेश नंदिनी विश्वकर्मा एवं हेमलता साहू द्वारा पोषक आहार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से संतुलित एवं पौष्टिक आहार की जानकारी दी गई तथा स्वयंसेविकाओं एवं ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्यवर्धक भोजन की उपयोगिता समझाई गई।इस अवसर पर महाविद्यालय की डॉ. वाशिंगटन ने स्वयंसेविकाओं को उनके सेवा कार्यों हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही खेल प्रशिक्षक योगेश रूक्मानंद द्वारा स्वयंसेविकाओं को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट (कराटे) का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## गौ माता के लिए की पानी की व्यवस्था



**न्यूटन / परासिया :-** महाकाल समिति के सदस्य ओम गुप्ता एवं उनके मित्र मंडल के द्वारा न्यूटन में अलग - अलग 12 स्थान पर गौ माता के लिए पानी की टंकिया स्थापित की गई । पीने के पानी के लिए 65 लीटर की सीमेंट की टंकियां स्थानीय गौ सेवकों के सहयोग से लगाई गई । इन्हीं लोगों के द्वारा विगत एक माह में लगभग 15 गौ माता का अंतिम संस्कार भी किया गया । पूर्व में भी ओम गुप्ता एवं उनके मित्र मंडली के द्वारा ठंड के दिनों में गौ माता को मेथी एवं सौंठ के लड्डू का सेवन कराया गया था । लगातार ओम गुप्ता एवं उनके साथियों के द्वारा क्षेत्र में गौ सेवा के लिए कार्य किए जा रहे हैं । जिसकी स्थानीय स्तर पर बहुत ही सराहना की जा रही है । बिना किसी स्वार्थ के ओम गुप्ता एवं उनके मित्र मंडली के द्वारा लगातार गौ सेवा के लिए 24 घंटे यह समर्पित रहकर कार्य कर रहे हैं ।

## भगवान श्री राजराजेश्वर सहस्रबाहु जी के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

**सौंसर।** नगर में आगामी दिनों में आयोजित होने जा रहे भगवान श्री राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु जी के भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर समाजजनों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस पावन अवसर पर महिला समिति, सौसर द्वारा सामाजिक एकजुटता और श्रद्धा का परिचय देते हुए घर-घर जाकर पीले चावल भेंट किए गए और सभी को इस धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होने हेतु भावपूर्ण आमंत्रण दिया गया। धार्मिक महोत्सव 26 फरवरी से भक्तिमय माहौल में प्रारंभ होगा, जो 27, 28 फरवरी और 1 मार्च तक अनवरत चलेगा। आयोजन समिति के अनुसार, इन चार दिनों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होंगे, जिसमें संपूर्ण समाज की सहभागिता रहेगी। महिला समिति की सदस्यों ने घर-घर संपर्क के दौरान विशेष रूप से महिलाओं और परिवारों को कलश यात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। महिलाओं ने उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक गौरव के क्षण में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। समिति के इस सक्रिय प्रयास से पूरे समाज में उत्सव और भक्ति का वातावरण निर्मित हो गया है। आमंत्रण कार्यक्रम मेउर्मिला गणेश लोनारे, नीतू गणपति लोनारे, राधाबाई दयाराम लोनारे, मालती हरिकृष्ण लोनारे, अभिलाषा महेंद्र लोनारे, कविता महेंद्र लोनारे, रीना लोनारे, सुरेखा प्रमोद लोनारे, मंजुलता लक्ष्मीनारायण चौरागाड़े, किरण राजु बाविस्टाले, विमल पंकज लोनारे, संगीता विनोद लोनारे, मोना जीतू लोनारे एवं निर्मला गौतम डहरवाल मुख्य रूप से शामिल थीं।समाज के गणमान्य नागरिकों ने महिला समिति के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की है।

## बदलते मौसम में रखे अपने स्वास्थ का ध्यानः मेघा वास्त्री

**छिंदवाड़ा।** बदलते मौसम में अपने शरीर का ध्यान रखना अति आवश्यक है।आपकी वर्किंग स्टाइल प्रॉपर हो इसका ध्यान भी रखना होगा नियमित खानपान अपने स्वस्थ शरीर हेतु प्रतिदिन योग, प्रणायाम ,ध्यान भी आवश्यक है।उक्त बाते जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा की सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम में बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू कर रहे समाजसेवियों को शनिवार को जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के कुशल मार्गदर्शन में शा. पी .जी .कॉलेज छिंदवाड़ा में मेडिकल कॉलेज के डाक्टर मेघा बास्त्री, एवं डाक्टर अक्षय बोरकर ने कही।इस अवसर पर जन अभियान परिषद की सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के परामर्शदाता समाजसेवी रोटे विनोद तिवारी, श्यामलराव,श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जयप्रकाश सूर्यवंशी, आशीष साहू,सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित थे।डाक्टर मेघा बास्त्री ने कहा कि आज सबसे ज्यादा स्वास्थ संबंधी समस्याएं महिलाओं बालिकाओं ने देखने को मिल रही है मासिक धर्म का असंतुलन आना , स्तन का कैंसर सहित अनेकों समस्याएं बालिकाओं का एनीमिक होना ये सब समस्या बड़ी है।इसका प्रमुख कारण ठीक से और समय पर नाश्ता ,भोजन न करना उसने में पौष्टिक आहार न लेना प्रमुख कारण है।आप सभी अपनी दिनचर्या ठीक से रखे खासकर मौसम परिवर्तन के समय अपने सेहत का ख्याल रखना अत्यंत आवश्यक है।

## नर्सरी में बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण शासकीय संजय निकुंज नर्सरी, जुन्नारदेव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक श्री संजय बामने के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं को उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारोन्मुखी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला समन्वयक श्री जैन ने कहा कि वर्तमान समय में छात्र केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए भी उत्सुक रहते हैं। उन्होंने बताया कि जन अभियान परिषद द्वारा समय-समय पर ऐसे शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किए जाते हैं, जिससे छात्र प्रकृति के साथ जुड़कर व्यवहारिक अनुभव प्राप्त कर सकें। विकासखंड समन्वयक श्री बामने ने भ्रमण कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य एवं छात्रों के लिए इसकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी राकेश कुमार आरसे ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रसंस्करण इकाई स्थापना, आवश्यक दस्तावेज, अनुदान एवं राज्य पोषित योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

## कॉलेज का एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण, उद्योगों से रूबरू हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं एन.आई.आई.टी. के संयुक्त तत्वावधान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण के लिये विद्यार्थियों ने छिंदवाड़ा स्थित स्टार्टेक कंपनी का दौरा किया। कंपनी में विद्यार्थियों ने एयरटेल एवं वोडाफोन डी2एच की प्रक्रियाओं को विस्तार से समझा और सीखा। उन्होंने यह भी जाना कि ग्राहक सेवा किस प्रकार की जाती है तथा कंपनी की कार्यप्रणाली कैसे संचालित होती है। इस अनुभव से विद्यार्थियों ने उद्योगों की



वास्तविक कार्यप्रणाली की महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं और भ्रमण पर आधारित रिपोर्ट भी तैयार की। इस औद्योगिक भ्रमण में लगभग 29 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.पी. यादव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संपन्न हुआ। भ्रमण दल का नेतृत्व स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. फरहत मंसूरी ने किया। भ्रमण दल के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापकगण भी उपस्थित थे, जिनमें श्री प्रवीण मंडराह, डॉ. शाहिदा बेगम मंसूरी, कुमारी शिवानी सोनी तथा एन.आई.आई.टी. से श्री प्रतीक डबली, श्री नीरज कुमार और कुमारी मेघा राय शामिल थे। इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योगों की वास्तविक प्रक्रियाओं से परिचित कराना तथा उन्हें भविष्य के केरियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना था।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**मण्डला।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए इच्छुक हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जारी जानकारी के अनुसार योजना के तहत कोदो-कुटकी राइस, राइस मिल, आटा चक्की, गुड़, मसाला यूनिट, अचार, पापड़, चिप्स, ऑयल मिल, नमकीन उद्योग, टमाटर केचप, सॉस तथा अन्य प्राथमिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। व्यक्तिगत श्रेणी में जिले को 81 इकाइयों का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिनमें से 63 इकाइयाँ स्वीकृत हो चुकी हैं तथा वर्तमान में 18 इकाइयों का लक्ष्य शेष है। योजना के प्रावधान अनुसार प्रति इकाई परियोजना लागत पर 35 प्रतिशत तक अधिकतम 10 लाख रुपए तक का बैंक ऋण आधारित अनुदान देय है। जिले के इच्छुक उद्यमी, युवा बेरोजगार एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति योजना का लाभ ले सकते हैं। दिशा-निर्देशानुसार पीएमएफएमई पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कर आवेदन किया जा सकता है। साथ ही डीपीआर तैयार कराने के लिए जिला रिसोर्स पर्सन, निकटतम विकासखंड स्तरीय वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी, क्षेत्रीय ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी अथवा कार्यालय सहायक संचालक उद्यान से संपर्क किया जा सकता है।

## शासकीय विद्यालयों में बनेंगे नवीन बालिका शौचालय

# पूर्व निर्माण की स्थिति पर उठे सवाल

* गुणवत्ता और पारदर्शिता पर विशेष जोर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिले के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल की स्वीकृति से नवीन बालिका शौचालयों के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इस योजना के तहत जिले के 104 विद्यालयों में प्रति शौचालय लगभग 2.93 लाख रुपये की दर से राशि आवंटित की गई है।


शिक्षा का अधिकार

राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल-462 011

सूत्रों के अनुसार, सबसे अधिक शौचालयों का निर्माण बिछिया विकासखंड के 47 विद्यालयों में प्रस्तावित है। अन्य विकासखंडों में नारायणगंज (3), बीजाडांडी (6), निवास (4), मण्डला (10), घुघरी (8), मवई (13), नैनपुर (2) और मोहगांव (11) विद्यालयों में निर्माण कार्य स्वीकृत है।

प्राप्त जानकारी अनुसार पूर्व जनपद शिक्षा केन्द्र बिछिया में 51 शौचालय विहीन विद्यालयों की सूची भेजी गई थी, पर जांच में पाया गया कि इनमें से 46 विद्यालयों में पहले ही बालिका शौचालय का निर्माण वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2016-17 के बीच किया जा चुका है। यूडाइस पोर्टल पर गलत जानकारी दर्ज होने के कारण भ्रम उत्पन्न हुआ। जो जांच की ओर इशारा करता है।

जिला शिक्षा केंद्र मण्डला ने आवश्यकतानुसार राशि आवंटित कर निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को शौचालय संबंधी किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

हालांकि, कई विद्यालयों में पूर्व निर्मित शौचालयों की स्थिति और गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। यदि शौचालय समय से पहले जर्जर हो गए हैं, तो यह निर्माण की गुणवत्ता और शासन की राशि के सही उपयोग पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।

राज्य शिक्षा केंद्र के पत्र क्रमांक/राशि/निर्माण-1/2026/1174, दिनांक 16/02/2026 के अनुसार स्वीकृत कार्यों का पंजीयन पोर्टल पर अनिवार्य है। स्थल परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी और जिन विद्यालयों में पहले से बालिका शौचालय उपलब्ध हैं, वहां नए निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अब यह देखना होगा कि इस बार निर्माण कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो पाएगी या नहीं। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर जनमानस की नजरें टिकी हैं।

जनपद शिक्षा केन्द्र बिछिया द्वारा दी गई जानकारी निश्चित रूप से वरिष्ठ अधिकारियों को एवं राज्य शिक्षा केन्द्र को धोखे में डालने वाली है यदि 51 शौचालयों के निर्माण की आवश्यकता बताई जा रही है और जबकि 46 विद्यालयों में शौचालयों का निर्माण पहले ही किया जा चुका है तो फिर ऐसा कैसें हुआ। या तो जो जानकारी पोर्टल में दर्ज है उससे जनपद शिक्षा केन्द्र बिछिया अनभिज्ञ था और यदि जानकारी होने के बावजूद ऊपर गलत आंकड़े दिये गये तो फिर इसका दोषी किसे ठहराया जायेगा। जो निर्माण कार्य हुये हैं वे यदि आज उपयोग के लायक नहीं तो फिर जिन्होंने निर्माण कराया या किया क्या उन पर भी कोई कार्यवाही होगी?

### इनका कहना है :-

*मण्डला जिले के स्कूलों में बालिका शौचालयों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण ढंग से प्रगति पर है। जिन विद्यालयों में पूर्व में निर्मित शौचालयों के पुनः निर्माण संबंधी जानकारी प्राप्त हुई है, उनके मामले में जांच कराई जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि शौचालय निर्धारित समय सीमा से पूर्व जर्जर तो नहीं हुए हैं। यदि समय से पहले जर्जर पाए जाते हैं, तो जांच उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।*

*-कुलदीप कठल*
*डीपीसी, मण्डला*

## स्मृति सुमन शिविर में 7 व्यक्तियों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरित



* जिस निष्ठा से परिजनों ने जिम्मेदारी से सेवा की, उसी विश्वास से आप आगे बढ़ें - मंत्री श्रीमती उइके।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला योजना भवन में आयोजित स्मृति सुमन शिविर के दौरान अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने वाले परिवारों को बड़ी राहत मिली। कार्यक्रम में पीएचई मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने 7 हितग्राहियों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना तथा एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम सहित अन्य अधिकारी एवं संबंधित परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

मंत्री श्रीमती उइके ने अपने संबोधन में कहा कि जिन परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके दुःख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। ऐसे परिवारों पर दुःख का पहाड़ टूटता है। उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र परिवारों के दस्तावेजों का परीक्षण कर अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण की गई है। उन्होंने कहा कि यह वर्ष का पहला स्मृति सुमन शिविर है। पिछले वर्ष ऐसे तीन शिविर आयोजित किए गए थे। अब तक सौ से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं।

मंत्री श्रीमती उइके ने नियुक्ति प्राप्त करने वाले हितग्राहियों से कहा कि जिस विश्वास और निष्ठा के साथ उनके परिजनों ने सेवा की, वे भी उसी समर्पण के साथ कार्य करें। यह नियुक्ति केवल एक पद तक सीमित न रहे, बल्कि अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़कर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। उन्होंने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए सभी व्यवस्थाएँ एक ही छत के नीचे सुनिश्चित की गईं। कार्यक्रम के अंत में नियुक्ति प्राप्त करने वाले परिवारों ने शासन और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



## न्यून प्रगति पर सहकारिता विभाग को नोटिस जारी

**मण्डला** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के द्वारा संकल्प से समाधान अभियान की विभागवार प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें पाया गया कि सहकारिता विभाग मण्डला के अंतर्गत संचालित सेवाओं के क्रियान्वयन में प्रगति अत्यंत न्यून है। इसके अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड (सहकारी बैंकों) के माध्यम से कुल 206 आवेदन, स्वीकृत 145 आवेदन, कुल 146 निराकृत एवं लंबित 60 आवेदन, किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान साख पत्र जारी करना के कुल 16 आवेदन, स्वीकृत 9 आवेदन, कुल 9 निराकृत एवं लंबित 7 आवेदन तथा किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान साख पत्र का नवीनीकरण के कुल 9 आवेदन, स्वीकृत 3 आवेदन, कुल 3 निराकृत एवं 6 लम्बित आवेदन हैं। संकल्प से समाधान अभियान को प्रारंभ हुए 20 दिन से अधिक की अवधि के बाद भी निर्धारित सेवाओं का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन की प्रगति अत्यंत न्यून है।

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सहकारिता विभाग मंडला के सहायक आयुक्त श्री अरूण कुमार मसराम को इस संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। आपके विभागीय दायित्वों एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में रुचि नहीं लिया जा रहा है, जो कि अत्यन्त खेदजनक है।

## खबर संक्षेप

### सुभद्रा कुमारी चौहान स्मृति कवि सम्मेलन 23 फरवरी को आयोजित होगा, अविनाश पांडे मुख्य अतिथि होंगे

हरिभूमि न्यूज सिवनी। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं सुप्रसिद्ध कवियित्री सुभद्रा कुमारी चौहान जी की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला अखिल भारतीय कवि सम्मेलन



दिनांक 23 फरवरी 2026 दिन सोमवार को रात्रि 8 बजे से गांधी चौक शुक्रवारी बाजार सिवनी में आयोजित किया गया है।
कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि श्री अविनाश पांडे महासचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं अध्यक्ष कवि प्रदीप फाऊंडेशन नागपुर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परमहंस मौनी दादा आश्रम कुडारी मझगंवा के प्रभारी स्वामी बलवंत श्रद्धानंद महाराज करेंगे। एवं दिवाकर सिंह पटेल कुलाधिपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। नगर के अन्य जनप्रतिनिधिगण भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इस अखिल भारतीय सम्मेलन कवि सम्मेलन में सुनील समैया बीना मंच संचालक नरेंद्र धडकन हास्य बिलासपुर छत्तीसगढ कुलदीप रंगीला देवास मध्य प्रदेश विवेक शर्मा ओज उज्जैन मध्य प्रदेश अकबर ताज शायर एवं गीतकार खंडवा मध्य प्रदेश श्रीमती सरिता सरोज श्रृंगार गोंदिया महाराष्ट्र राजेश लोटपोट हास्य झालावाड़ राजस्थान डॉ अवनीश पाठक सूर्य ओज एवं विनोद सनोदिया अनजान काव्य पाठ करेंगे।

### संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। 20 फरवरी 2026 को नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा नगर के टैगोर वार्ड डिसलरी मैदान सिवनी में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से सायं 05 बजे तक किया गया जिसमें नगरपालिका परिषद सिवनी से की मूलभूत सुविधाओं का लाभ नागरिकों को प्रदाय किया गया। जो कि निम्नानुसार है:- कानूनी बाध्यता के कारण आय प्रमाण पत्र प्रदाय करना -18 कानूनी बाध्यता के कारण स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र जारी करना -10 समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना -1 इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना -1 अदेय ड्यूज प्रमाण पत्र -221 अविवादित संपत्ति का नामांतरण - 03 जन्म प्रमाण पत्र डिजीटल - 13 उक्त शिविर में नगर पालिका सिवनी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित होकर फिसली बाइक, एक गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में केवलारी घाट के पास शुक्रवार देर रात सडक हादसा हो गया। लखनादौन से घंसौर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे बाइक सवार गंभीर घायल हो गया।
जानकारी के अनुसार, बाइक सवार केवलारी घाट के पास वाहन बेकाबू होकर फिसल गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायल की पहचान पिंडरई खुर्सीपार निवासी राजकुमार महले (25) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही घंसौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल बाइक चालक को अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।पुलिस ने हादसे के कारणों की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज गति को दुर्घटना का संभावित कारण माना जा रहा है।

# सागौन तस्करी करते दो गिरफ्तार, छह फरार



हरिभूमि न्यूज सिवनी। बरघाट वन परिक्षेत्र की टीम ने सागौन की तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से छह आरोपी फरार हो गए। टीम ने एक पिकअप वाहन से सागौन के ११ लट्ठे और एक बाइक व दो आरे जब्त किए हैं। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। जब्त सागौन की कीमत करीब ९८ हजार रुपए है। परिक्षेत्र अधिकारी पीयूष गौतम ने बताया कि कुडोपार से बावली मार्ग पर गश्त के दौरान पिकअप वाहन को रोका गया। मौके से दो आरोपी पकड़े गए। उनकी निशानदेही पर एक बाइक को जब्त किया गया। पिकअप में ११ लट्ठे भरे थे जबकि बाइक में दो आरे रखे मिले। उमरिया निवासी जबीउल्ला पिता अताउल्ला खान और टिकारी निवासी मुकसीद पिता समी खान को पकड़ा। जबकि अरी निवासी अल्ताफ खान, टिकारी निवासी रिजवान अली व रेहान खान,उमरिया निवासी साजिद खान , चुटका निवासी छोटू खान और एक अन्य आरोपी फरार है।

# कैलाश विजयवर्गीय का जलाया पुतला, अधजला पुतला ले गयी पुलिस



केवलारी- मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्यवाही दिनांक 19 फरवरी 2026 को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को मध्यप्रदेश शासन के शहरी विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा अमर्यादित शब्द औकात मे रहने की बात बोलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ रोष उबाल ले रहा है।
मध्यप्रदेश कांग्रेस के निर्देशों पर दिनांक 20 फरवरी को पुतला दहन करने का कार्यक्रम घोषित था, लेकिन केवलारी में शुक्रवार को मार्केट दिवस होने के चलते कार्यक्रम को 21 फरवरी 2026 को दोपहर 1:00 बजे चांदनी चौक में किया गया। सुभाष बघेल ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी केवलारी एवं शुभम दयाल पटेल विधानसभा अध्यक्ष युवक कांग्रेस के नेतृत्व में ब्लॉक के सेक्टर मंडलम के कार्यकर्ताओ पदाधिकारी की उपस्थिति में कैलाश विजयवर्गीय का प्रतीकत्मक पुतला में आग लगाकर बिरोध किया गया। प्रीतम सिंह तिलगांम थाना प्रभारी की रणनीति से फायर विग्रेड के प्रेशर वाटर के छिड़काव से अधजला पुतला को थाना प्रभारी के द्वारा छुडा लिया गया।पुनः द्वितीय पुतले मे आग लगायी गयी लेकिन उसकी भी गति ऐसी हीं हुयी जैसी पहले की हुयी ।स्थानीय चांदनी चौक मे दोपहर को आयोजित कार्यक्रम मे दुर दराज से आये सैकडो कांग्रेस जनों ने कैलाश विजयवर्गीय होश मे आओ -मुर्दाबाद मुर्दाबाद का नारा बुलंद किया ओर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग किया हैं कि कैलाश विजयवर्गीय को मंत्री पद से हटाया जाये।इस मौके पर भारी संख्या मे कांग्रेसजन की उपास्तिथी थी।

# शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला में नया सत्र 1 अप्रैल से, आवेदन 16 मार्च तक

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में जबलपुर संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा। इस संबंध में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जबलपुर संभाग के सभी कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी, जिन्होंने परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर ली हो तथा म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 01 जुलाई 2013 एवं वित्त विभाग के आदेश दिनांक 23 दिसंबर 2025 के अनुसार अनिवार्य अर्हताएं पूरी करते हों, वे आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर स्वीकार किए जाएंगे।
प्रशिक्षण हेतु निर्धारित आवेदन पत्र प्रपत्र-अ में भरकर 16 मार्च 2026 शाम 6 बजे तक संबंधित कार्यालय में जमा करना होगा। प्रशिक्षण म.प्र. शासन के सभी विभागों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए निःशुल्क रहेगा, जबकि स्थानीय निकाय एवं अर्धशासकीय संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए ?5,000 शुल्क निर्धारित है, जो चयन के बाद प्रवेश के समय जमा करना अनिवार्य होगा। संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि उक्त सूचना का अधिकतम प्रसार सुनिश्चित किया जाए ताकि पात्र कर्मचारी प्रशिक्षण का लाभ ले सकें।

## मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

# चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 10 लाख 68 हजार 824 मतदाता शामिल हैं, जिनमें 5 लाख 39 हजार 110 पुरुष, 5 लाख 29 हजार 703 महिला एवं 11 अन्य मतदाता हैं जिले का लिंगानुपात 983 दर्ज किया गया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में शनिवार 21 फरवरी को स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई।
बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। बैठक में विधानसभा क्षेत्रवार अंतिम मतदाता आंकड़े प्रस्तुत किए गए। बरघाट विधानसभा में 1 लाख 19 हजार 814 पुरुष, 1 लाख 20 हजार 210 महिला एवं 1 अन्य सहित कुल 2 लाख 40 हजार 25 मतदाता दर्ज हैं। सिवनी विधानसभा में 1 लाख 36 हजार 25 पुरुष, 1 लाख 34 हजार 776 महिला एवं 6 अन्य सहित कुल 2 लाख 70 हजार 807 मतदाता शामिल हैं। केवलारी विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 32 हजार 425 पुरुष, 1 लाख 29 हजार 542 महिला एवं 1 अन्य सहित कुल 2 लाख 61 हजार 968 मतदाता दर्ज किए गए हैं। वहीं लखनादौन विधानसभा में 1 लाख 50 हजार 846 पुरुष, 1 लाख 45 हजार 175 महिला एवं 3 अन्य सहित कुल 2 लाख 96 हजार 24 मतदाता हैं।
इस प्रकार जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 10 लाख 68 हजार 824 मतदाता शामिल हैं, जिनमें 5 लाख 39 हजार 110 पुरुष, 5 लाख 29 हजार 703 महिला एवं 11 अन्य मतदाता हैं। जिले का लिंगानुपात 983 दर्ज किया गया है।
प्रकाशित अंतिम सूची में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 18 हजार 902 युवा मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा 85 वर्ष से अधिक आयु के 4 हजार 14 वरिष्ठ मतदाता, 10 हजार 297 दिव्यांग मतदाता तथा 910 सर्विस वोटर भी सूची में दर्ज हैं।बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम मतदाता सूची की प्रतियां एवं सीडी उपलब्ध कराई गई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सी.एल. चनाप, एसडीएम सिवनी पूर्वी तिवारी सहित संबंधित अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# छपारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, देर रात डीजे बजाने वाले संचालक पर गाज

हरिभूमि न्यूज छपारा।

जिला प्रशासन और पुलिस विभाग इन दिनों एक्शन मोड में है। जिले में चल रही वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ध्वनि प्रदूषण और देर रात तक डीजे बजाने वालों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू हो गया है। ताजा मामला छपारा थाना क्षेत्र का है, जहाँ पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले एक डीजे संचालक पर कड़ी कार्रवाई की है।
वर्तमान में स्कूली छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षाओं के दौरान छात्रों को शांतिपूर्ण माहौल मिल सके, इसके लिए प्रशासन ने देर रात तक तेज




आवाज में लाउडस्पीकर या डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया है। इसके बावजूद, छपारा में देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था।
शिकायत मिलते ही छपारा थाना पुलिस ने मौके पर दबिश दी और कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए डीजे साउंड सिस्टम को जप्त कर लिया।

### डीजे संचालकों में हडक़ंप

पुलिस की इस अचानक हुई बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के डीजे संचालकों में हडकंप मच गया है। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### थाना प्रभारी का संदेश

छात्रों की पढ़ाई और जनहित को देखते हुए नियम बनाए गए हैं। यदि कोई भी संचालक नियम-कानून का उल्लंघन कर निर्धारित समय के बाद या तेज आवाज में डीजे बजाएगा, तो उस पर सबसे सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद्भागवत पुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन आज से

कोटिया (बिहिरिया) में आगामी 22 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद् भागवत पुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कथा का आयोजन श्री सिद्ध हनुमान मंदिर जी प्रांगण, गुरुधाम (तिघोरी) कोटिया, बिहिरिया में होगा।
इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक प्रवचन होगा। कथा व्यास पंडित अनुजाचार्य तिघरा द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा।
कार्यक्रम का समापन 1 मार्च 2026 को पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ होगा। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और समस्त ग्रामवासी कोटिया, बिहिरिया द्वारा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है।

### कक्षा 11वीं परीक्षा की गोपनीय सामग्री वितरित हुई

सिवनी /म.प्र. राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार कक्षा 11वीं वार्षिक परीक्षा 23 फरवरी से 17 मार्च 2026 तक आयोजित होगी। परीक्षा प्रतिदिन दोपहर 1:30 बजे से 4:30 बजे तक संचालित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु गोपनीय सामग्री का वितरण 21 फरवरी को जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एस. कुमरे के मार्गदर्शन में किया गया। समन्वयक संस्था शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिवनी से जिले के सभी हायर सेकेंडरी विद्यालयों को सामग्री प्रदान की गई। विभाग द्वारा निर्देशित किया गया है कि सामग्री को संबंधित विकासखंड स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय अथवा सांदीपनी विद्यालय के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाए। साथ ही सभी केंद्र प्रभारियों को परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षा पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो

# भाषाओं का ज्ञान युवाओं को प्राप्त करना चाहिए-चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मां की भाषा मातृभाषा कहलाती है और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सभी भाषाओं का ज्ञान युवाओं को प्राप्त करना चाहिए इसकी अपेक्षा ही इसकी 2026 की थीम है।
उक्त आशय के उद्गार आज डी. पी. चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय में आज 21 फरवरी 2026 दिन शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर डॉ रामकुमार चतुर्वेदी संचालक डी पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय सिवनी एवं एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय सिवनी के द्वारा व्यक्त किए गए।
इसके साथ ही उन्होंने वन्देमातरम गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर



प्रकाश डालते हुए वन्देमातरम गीत की महत्ता को बताया। कार्यक्रम की भूमिका एडवोकेट अखिलेश यादव विधि विभागाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमति अन्नपूर्णा मिश्रा मैडम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्राध्यापक ने किया। प्राध्यापक रामेश्वर पांडे, अनिकेत अहिरवार,श्रीमति वैशाली नीलेश गौडिया, सुश्री अरूणा पटले, अभिषेक सनोडिया ने अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस व वन्देमातरम पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। विधार्थियों के द्वारा भी अपनी भावनाओं को व्यक्त किया गया। संस्था के प्रबधक अजय चतुर्वेदी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अन्त में सम्पूर्ण वन्देमातरम गीत का सामुहिक गायन किया गया।

# विधायक मुनमुन राय ने पूजन कर शीलादेही स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया

## जगतगुरु शंकराचार्य जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। शनिवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधि विधान से पूजन कर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। आज भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने ग्राम शीलादेही स्थित नवनिर्मित द्वारकाधीश राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण पहुंचकर पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज के चरणों मे नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तथा आज से द्वारकाधीश राधाकृष्ण मंदिर प्राण



प्रतिष्ठा समारोह समिति शीलादेही के तत्वावधान मे आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर प्रांगण मे आयोजित स्वास्थ्य शिविर का विधी विधान से पूजन कर शुभारंभ किया। और उपस्थितों से स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने आग्रह किया। इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सिवनी नगर के छिंदवाड़ा चौक पहुंचकर प्रस्तावित शंकराचार्य स्तंभ निर्माण स्थल बारीकी से का निरीक्षण किया। तथा संबंधित अधिकारियों और उपस्थित जनों से निर्माण कार्य की योजना पर विस्तृत चर्चा किया।

## मानसिक रूप से स्वस्थ रहने विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

# मानसिक स्वास्थ्य कल्याण पर दो दिवसीय जागरूकता सेमिनार संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों में आत्महत्या और मानसिक तनाव रोकने के लिए जिला स्तर पर गठित राष्ट्रीय टास्क फोर्स की जिला इकाई के तहत दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में किया गया. इस सेमिनार के माध्यम से विशेषज्ञों ने युवा छात्र-छात्राओं को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के टिप्स दिए।
कॉलेज के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज टेंभरे ने जानकारी देते हुए बताया कि सेमिनार के पहले दिन रसायन विज्ञान विभाग में सेमिनार के अंतर्गत छात्रों को जानकारी दी गई. भोपाल से पधारे विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र सहारे ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया और बेहद उपयोगी जानकारी दी. कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर के सी राउर ने भी विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के उपाय बताए।




इसी प्रकार, दूसरे दिन प्राणी विज्ञान विभाग में आयोजित सेमिनार में भोपाल से पधारे विषय विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार निगम ने अपने व्याख्यान के माध्यम से बिना कोई तनाव लिए मानसिक रूप से प्रसन्न रहने की सलाह दी. दूसरे विशेषज्ञ के रूप में डॉ मनोज कुमार टेंभरे ने बताया कि युवाओं में आत्महत्या और मानसिक अवसाद रोकना समाज के लोगों का नैतिक कर्तव्य है.
एनटीएफ की जिला इकाई के संयोजक डॉ. टेंभरे ने कहा कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए ध्यान देना होगा. बताया कि सभी कॉलेजों में प्रेरणाप्रद जीवनी, आत्मकथा और प्रेरक साहित्य छात्र-छात्राओं के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है. अभिभावक-शिक्षक संघ स्थापित कर युवाओं और माता-पिता तथा शिक्षकों के बीच सक्रिय संवाद स्थापित करने की पहल की जा रही है. बताया कि क्लब- कल्चर के माध्यम से छात्र-छात्राओं का मानसिक दबाव कम किया जा सकता है. डॉ. टेंभरे ने बताया कि शिक्षा संस्थानों को तंबाकू और नशा मुक्त परिसर बनाने का प्रयास भी जिला इकाई द्वारा किया जा रहा है. बताया कि जिला एनटीएफ का उद्देश्य छात्रों में आत्महत्या के कारणों का पता लगाना, जिले के सभी सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के उपाय सुझाना और आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए व्यवहारिक नीतियाँ का अनुसरण करना है। रैगिंग, शैक्षणिक दबाव, आर्थिक तनाव और भेदभाव जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान देकर छात्र-छात्राओं की काउंसिलिंग भी की जाएगी. जिले के मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों को भी छात्र छात्राओं की काउंसलिंग और परिचर्चा तथा कार्यशाला में समय-समय पर आमंत्रित किया जाएगा।
दो दिवसीय सेमिनार में प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग, जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय, स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी राउर, नोडल अधिकारी डॉ.मनोज टेंभरे, प्रोफेसर रचना सक्सेना, अध्यक्ष रसायन विभाग, डॉ राधेश्याम डेहरिया, अध्यक्ष प्राणी विज्ञान विभाग समेत दोनों विभागों के प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं तथा कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहे।

### फाइनल मुकाबला कान्हा सरदार शूटर 11 और वेजिटेरियन 11 के बीच खेला गया

छपारा इरिगेशन ग्राउंड में बैंनगंगा कप सीजन 1 का आज फाइनल मुकाबला कान्हा सरदार शूटर 11 और वेजिटेरियन 11 के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी कर वेजिटेरियन 11 ने 7 ओवर खेलकर 61रन का स्कोर कान्हा सरदार शूटर 11को बनाने के लिए दिया जिसमें कान्हा सरदार शूटर 11 ने 5ओवरों में ही इस मैच को अपने हक में कर लिया इसी के साथ आज बैंनगंगा कप सीजन 1 का समापन बहुत ही शानदार रहा प्रथम विजेता कान्हा सरदार शूटर 11 छपारा द्वितीय पुरस्कार-वेजीट्रेयन 11 छपारा मेन ऑफ़ दा सिरिज-रोहित किंग जबलपुर बेस्ट बॉलर बंटी वेषेन्न इस टूर्नामेंट बैनगंगा कप सीजन 1 के समापन में मुख्य अतिथि रहे नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल,उपाध्यक्ष श्री शिवकांत सिंह जी एवं छपारा के गणमान्य नागरिक और खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही।

# मातृभाषा दिवस का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में दिनांक 21 फरवरी 2026 को कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मातृभाषा दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ.ओमप्रकाश सरवैया के संरक्षण में एवं प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. लक्ष्मी मेश्राम के नेतृत्व में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित किया गया।
कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा रैयकवार द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए भारत के संविधान में सम्मिलित समस्त भाषाओं के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी गई। उन्होंने भाषा संबंधी तथ्यों को सामने रखते हुए जानकारी दी कि आज के बढ़ते तकनीकी युग में भारतवर्ष की विभिन्न भाषाएं विलुप्ति की कगार में आ रही है,हमें अपनी संस्कृति के संरक्षण के लिए भाषा को संरक्षित रखना सर्वप्रथम आवश्यक है। सुश्री आयशा सिद्दीका द्वारा बताया गया कि हमें अन्य भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए परंतु अपनी मातृ भाषा पर गर्व होना चाहिए, क्योंकि भाषा व्यक्ति की भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम है। कुमारी तस्बिया आफरीन द्वारा काव्य पाठ की प्रस्तुति दी गई एवं कुमारी कुमकुम सतनामी द्वारा भारतवर्ष की विभिन्न भाषाओं को सम्मिलित करते हुए एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया गया। हमारी मातृभाषा इस विषय पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा पोस्ट र बनाकर अपनी अभिव्यक्ति दी गई।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ हेमराज नागवंशी द्वारा किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं छात्राओं का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

# एकता कप रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिताः सीजन 3 का भव्य शुभारंभ









**वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम रोशनी से जगमगाया | शहीद आशीष शर्मा को दी श्रद्धांजलि | 25 फरवरी को फाइनल**

**हरिभूमि न्यूज़ लांजी। क्षेत्र में क्रिकेट का उत्साह चरम पर है। न्यू चैंपियंस क्रिकेट क्लब, लांजी द्वारा आयोजित एकता कप रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता – सीजन 3 का शुभारंभ विधिवत रूप से किया गया। आयोजन समिति द्वारा मैदान की आकर्षक सजावट, सुदृढ़ प्रकाश व्यवस्था, खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं तथा दर्शकों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है।**
विशेष रूप से वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है, जिससे पूरा स्टेडियम जगमगा उठा है और अपने आप आकर्षण का केंद्र बन गया है। शाम होते ही रोशनी से नहाया मैदान किसी बड़े खेल महोत्सव का दृश्य प्रस्तुत कर रहा है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतियोगिता को लेकर चर्चाएं तेज हैं और खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष रेखा ताराचंद कालबेले, थाना प्रभारी दीप सिंह परमार एवं क्लब अध्यक्ष विशाल दुग्गड द्वारा रिबन काटकर एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर अजय अवसरे, महेंद्र गुड्डू कर्राहे, ताराचंद कालबेले, साजिद शालू अली, विशाल तिडके, सचिन अग्रवाल, सुलभ किरणापूरे, रूप बिसेन, अजीम बन्देलीं, नितिन बड़घइया, गौरव बेस, राकेश रामटेक्कर, शरद सोनवाने, शरद आसटकर, नवीन रामटेक्कर एवं देवेश एडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान नक्सल ऑपरेशन में शहीद हुए स्वर्गीय आशीष शर्मा को क्लब की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। साथ ही लांजी के युवा खिलाड़ी स्वर्गीय मिथलेश दुर्गकर को भी श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस दौरान वातावरण भावुक हो उठा और कई लोगों की आंखें नम हो गईं। प्रतियोगिता में ऑल इंडिया स्तर पर विभिन्न जिलों से कुल 12 टीमें भाग लेंगी। देश के अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाली टीमों के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। इस सीजन में 24 आइकन खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा, जो प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण होंगे। साथ ही कुछ चर्चित खिलाड़ियों के आगमन की संभावना भी व्यक्त की जा रही है। आकर्षक पुरस्कार राशि के तहत प्रथम पुरस्कार ₹1,22,222, द्वितीय पुरस्कार ₹66,666 तथा सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को ₹11,000 (प्रत्येक) प्रदान किए जाएंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 25 फरवरी को खेला जाएगा। आयोजकों को उम्मीद है कि फाइनल मैच अत्यंत रोमांचक और दर्शनीय होगा। क्लब अध्यक्ष विशाल दुग्गड ने क्षेत्र के सभी खेलप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं तथा युवाओं में एकता, भाईचारा और खेल भावना को सुदृढ़ करते हैं। निश्चित रूप से यह प्रतियोगिता लांजी क्षेत्र में खेल का एक बड़ा उत्सव साबित होगी, जिसमें रोमांच, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### 23 फरवरी को निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य एवं टीबी (क्षयरोग) जांच शिविर का आयोजन

**बालाघाट।** सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने अपने जन्मदिवस को सेवा और जनकल्याण के संकल्प के साथ समर्पित करते हुए 23 फरवरी, सोमवार को निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य एवं टीबी (क्षयरोग) जांच शिविर का आयोजन किया है। यह शिविर बालाघाट स्थित तुरकर भवन, अंबेडकर चौक में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।
सांसद श्रीमती पारधी ने बताया कि जनसेवा ही उनके जीवन का प्रमुख उद्देश्य है और जन्मदिन जैसे विशेष अवसर को समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने के रूप में मनाना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराने एवं टीबी जांच सुविधा का लाभ लेने की अपील की है। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, शुगर जांच सहित टीबी की विशेष स्क्रीनिंग की व्यवस्था की गई है। जरूरतमंद मरीजों को परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

### लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर द्वारा लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये एक अप्रैल से नवीन लेखा प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ किया जायेगा। प्रशिक्षण सत्र में जबलपुर संभाग के सभी कार्यालयों प्रमुखों के अधीन कार्यरत ऐसे नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी शामिल हो सकेंगे जिन्होंने अपनी परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर ली है और अनिवार्य अर्हता पूरी करते हों।

### सीआरपीएफ की ट्रेनिंग के लिए रवाना हुआ गांव का बेटा



**कटंगी।** बालाघाट जिले की कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम कटेरा के युवक अखिलेश शनिचरे का बीते दिनों केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी (सीआरपीएफ) में चयन हुआ है। यह खबर जैसी ही गांव में पहुंची ही परिजनों और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने इसे पूरे गांव की उपलब्धि बताया और युवक को बधाई देने के लिए लोग उमड़ पड़े थे। शुक्रवार 20 फरवरी की शामयुवक को ट्रेनिंग के लिए रवाना करने से पहले गांव में लघु समारोह आयोजित किया गया।

# लांजी अधिवक्ता संघ चुनावः अध्यक्ष पद हेतु चितरंजन दास मछिया 8 वोट से जीते, अरुण टांडेकर बने सचिव



### पहली बार एसोसिएशन की वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी के लिए शनिवार को अधिवक्ता संघ लांजी का चुनाव संपन्न हुआ

**हरिभूमि न्यूज़ लांजी।** पहली बार एसोसिएशन की वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी के लिए शनिवार को अधिवक्ता संघ लांजी का चुनाव संपन्न हुआ। न्यायालय परिसर स्थित वकील बैठक रूम में हुए इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। कुल 36 पंजीकृत अधिवक्ता मतदाताओं में से 33 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। सुबह 1 बजे से शाम 3:30 बजे तक चले मतदान में कूल 33 मत डाले गए।अध्यक्ष और सचिव पदों के लिए कड़ा मकाबला था। मतदान केंद्र पर सूबह से ही अधिवक्ताओं और उनके समर्थकों क सक्रियता देखी गई, जिससे माहौल में गहमागहमी बनी रही चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। चुनाव प्रभारी एजाज डी खान,और सह-चुनाव अधिकारी शाहबाज़ कादरी, दिनेश कलपुरिया, बालाघाट से पर्वेक्षक वाय आर बिसेन, वारासिवनी से अपीलीय अधिकारी शाहिद मियाँ खान, बसंत शुक्ला मैं चुनाव संपन्न कराया वही जानकारी से अवगत कराते हुए चुनाव प्रभारी एजाज डी खान एडवोकेट ने बताया कि मतगणना शाम 4 बजे शूरू हई। अध्यक्ष पद के लिए सी एच मछिया को 20 मत, रमन झा 12 मत, कुमारी किरण पसीने को 1मत मिले, , वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए जय प्रकाश खनोरकर निर्विरोध चुने गय, इसी प्रकार सचिव पद के लिए अरुण टांडेकर को 20 मत ,जितेंद्र रहांगडाले को 13 सचिव पद के लिए अरुण टांडेकर 10 मत से विजयी हुए। सह सचिव पद के लिए दो पद थे जिसमें श्रीमती शशि प्रभा श्रीवास्तव को 28 मत, लोकेश बिहोने 17 मत, नरेंद्र नाकतोड़े 14 मत प्राप्त हुए जिसमें श्रीमती शशि प्रभाव एवं लोकेश बिहोने विजय हुए, वही कोषाअध्यक्ष से कृष्णकुमार खोबरागडे निर्विरोध चुने गए। ग्रंथपाल पद से अनमोल तिड़के निर्विरोध चुने गए। वही कार्यकारिणी सदस्य पद से नीलकंठ भटेरे, रविश कुमार तिड़के, व्यंकट सोनवाने, आशीष नेवारे, रोशनी बसेने , कार्यकारिणी सदस्य के रूप में निर्विरोध चुने गए।परिणाम घोषित होते ही न्यायालय परिसर में समर्थकों ने विजयी प्रत्याशियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस गहमागहमी और उत्साह के बीच बार एसोसिएशन को अपनी नर्ई कार्यकारिणी मिल गई। अधिवक्ताओं में नए कार्यकाल को लेकर उम्मीदें बढ़ गर्ई हैं। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए लांजी थाना प्रभारी दीप सिंह परमार के द्वारा पुलिस बल मौके पर मौजूद किया गया।

### युवा नेतृत्व पर बढ़ी उम्मीदें

इस चुनाव में युवा और अनुभवी नेतृत्व का संतुलन प्रमुख रहा। अध्यक्ष पद पर चितरंजन दास मछीया की जीत के बाद युवा अधिवक्ताओं में उत्साह देखा गया। माना जाता है कि चितरंजन दास मछिया एक पुराने अनुभवी अधिवक्ता है जो इसके पूर्व में भी अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं।अधिवक्ताओं का मानना है कि नई टीम आधुनिक सोच और अनुभव के समन्वय के साथ संघ की कार्यप्रणाली में सुधार, अधिवक्ता हितों की सुरक्षा और पेशेवर सुविधाओं के विस्तार की दिशा में कदम उठा सकती है।

### नई कार्यकारिणी के सामने चुनौतियां

नई कार्यकारिणी के सामने अधिवक्ताओं की सुविधाओं का विस्तार, पुस्तकालय संसाधनों का आधुनिकीकरण, कोष एकत्रित करना,युवा वकीलों के प्रशिक्षण और बार-बेंच समन्वय को मजबूत करना प्रमुख चुनौतियां मानी जा रही हैं। अधिवक्ताओं को उम्मीद है कि नई टीम संवाद और पारदर्शिता को प्राथमिकता देगी।



# दलदला से नक्टाटोला सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमिताएं

### मुरूम की जगह रोड पर बिछाई जा रही छुई और मिट्टी



**हरिभूमि न्यूज़ उकवा/** जनपद पंचायत बैहर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दलदला मे प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत पक्की सड़क एवं पुलिया का कार्य कराया जा रहा है । जिसमें ठेकेदार के द्वारा भारी अनियमिताएं बरती जा रही है । आपको याद दिला दे की बैग बहुमूल्य क्षेत्र नक्टा टोला की ये वही सड़क है जहां कुछ साल पहले आदिवासी बैगा गर्भवती महिला को खाट पर दो से तीन फीट कीचड़ से पैदल पार कर अस्पताल तक पहुंचाया गया था यह समाचार प्रकाशित होते ही शासन प्रशासन की कुर्सियां हिल गई थी पूरे देश में सुर्खियों में रहे इस समाचार ने दलदला से नक्टा टोला सड़क को मंजूरी दिल दी । क्या ऐसे ठेकेदारों के जेब भरने के लिए सड़क के पहले चरण के काम में ही ठेकेदार द्वारा भारी अनिमितताएं की जा रही है इस सड़क पर मुरूम की जगह रोड के किनारे से खेत की मिट्टी एवं छुई डाली जा रही है जो बारिश में रोड के आसपास कीचड़ और रोड के नीचे रोड को खोखला कर देगी जिससे रोड एक ही वर्ष में धराशाई हो जाएगी । यहां के ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों एवं शासन प्रशासन से मांग की है कि इस रोड की जांच कराई जाए ताकि इस रोड की सच्चाई सबके सामने आए । इस रोड में काम करने वाले मजदूरों को मात्र 200 रूपये दिन से मजदूरी दी जा रही है । इस सड़क पर मोंगायुक्त बिना लोहे वाली पुलिया बनाई जा रही हैं जिसमें सीमेंट की मात्रा इतनी कम डाली जा रही है कि कह नहीं सकते कब तक राहगीरों का साथ दे पाएगी ।

# अफवाहों के बीच मदद के लिए आगे आना पड़ा महंगा बच्चा चोरी के संदेह में

**कटंगी।** बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, यहां बच्चा चोरी की अफवाहों के बीच एक स्कूली छात्र की स्वेच्छा से मदद के लिए आगे आना एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एजेंट को महंगा पड़ गया है। एजेंट अफवाहों से ग्रसित गुस्साई भीड़ की हिंसा का शिकार हो गया। कुछ लोगों ने बिना सच जाने एजेंट को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी, जबकि बाद में पुलिस की जांच में साफ हुआ कि बच्चा चोरी जैसी कोई बात नहीं थी। घटना थाना क्षेत्र के ग्राम कतरकना की है। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे डीसीबी माइक्रो फाइनेंस कपंनी का कर्मचारी शुभम नागेश्वर फाइनेंस के सिलसिले में कतरकना गांव गया हुआ था। वहां से वापस लौटते वक्त उसने स्वेछा से मदद की मंशा से स्कूल की तरफ जा रहे कक्षा दूसरी के छात्र को गाड़ी में बैठने के लिए कहां यह सुनते ही बच्चे ने शोर मचा दिया। जिसके बाद गांव के लोगों ने एजेंट को बच्चा चोर समझकर उसकी घेरकर पिटाई करनी शुरू कर दी। इस बीच किसी ग्रामीण ने डॉयल 112 को घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और फाइनेंस कंपनी एजेंट को पकड़कर थाना लाया गया। जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। इस घटना के बाद कटंगी थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम ने भी प्रेस नोट जारी कर अफवाहों से दूर रहने की सलाह दी। शनिवार को करीब 04 घंटे तक यह पूरा घटनाक्रम चलते रहा। कथित बच्चा चोरी की यह खबर आग की तरफ पूरे क्षेत्र में फैल गई लोगों का हुजूम थाने पहुंचने लगा। लेकिन जैसे ही थाने आने वाले लोगों को घटना की वास्तविकता का पता चला तो वह लोग उन ग्रामीणों की उलाहना करने लगे उन्होंने बिना जांच-परख के केवल अफवाहों को हकीकत मानकर एक एजेंट के साथ मारपीट कर दी। शायद इस घटना का असर अब लोगों के जन-जीवन पर भी दिखाई दे और लोग किसी की मदद के लिए सामने ना आए। दरअसल, 18 फरवरी की शाम कटंगी शहर में बच्चा चोरी के प्रयास की कथित घटना सामने आई थी। जिसके बाद तो पुलिस को एक के बाद एक लगातार शिकायतें मिलने लगी लेकिन जांच में कहीं भी कोई संदेही पुलिस को नहीं मिला और ना ही दिखाई दिया। विगत दिवस शासकीय प्राथमिक शाला उर्दू स्कूल की कक्षा दूसरी की छात्रा जया तुमड़ाम को अज्ञात लोगों ने अपहरण की कोशिश की ऐसा मामला प्रकाश में आया। जया के माता-पिता और सह छात्रा प्रिंसी मानकर ने दावा किया था कि अपहरण की कोशिश की गई थी। हालांकि छात्रा के माता-पिता ने मजदूरी का काम करने की बात का हवाला देते हुए थाने के चक्कर ना काटना पड़े इसलिए एफआईआर दर्ज नहीं करवाई थी।

# निर्वाचक नामावली का किया गया अंतिम प्रकाशन




### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई निर्वाचक नामावली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के पश्चात बालाघाट जिले की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को कर दिया गया है। 21 फरवरी को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर एसआईआर के पश्चात तैयार की गई पुनरीक्षित मतदाता सूची की जानकारी दी गई । इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पुनरीक्षित मतदाता सूची की विधानसभा क्षेत्रवार एक-एक प्रति सौंपी । इस अवसर पर बालाघाट एसडीएम श्री गोपाल सोनी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के श्री शफखत खान, बहुजन समाज पार्टी के इंजीनियर महेन्द्र , भारतीय जनता पार्टी के श्री संजय अग्निहोत्री एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक श्री सुबोध श्रीवास्तव उपस्थित थे।
बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी एस धुर्वे ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के पश्चात 21 फरवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के अनुसार बालाघाट जिले के 06 विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाताओं की संख्या 13 लाख 23 हजार 466 है, जिसमें पुरूष मतदाता 06 लाख 58 हजार 255, महिला मतदाता 06 लाख 65 हजार 203 एवं थर्ड जेंडर मतदाता 08 है। बालाघाट जिले में मतदाता सूची का जेंडर रेशो( लिंगानुपात ) 1011 है, जो कि प्रदेश के सभी 55 जिलों में सबसे अधिक है। जिले की मतदाता सूची का ईपिक रेशो 68.48 है। जिले में सर्विस वोटर की संख्या 1531 है, जिसमें 1443 पुरूष वोटर एवं 88 महिला वोटर शामिल है। बालाघाट जिले में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 20 हजार 246 है, जिसमें 10 हजार 285 पुरूष एवं 9961 महिला शामिल है। जिले में दिव्यांग एवं अशक्त मतदाताओं की संख्या 11 हजार 92 है, जिसमें पुरूष मतदाता 5962 एवं महिला मतदाता 5130 शामिल है। बालाघाट जिले में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1785 है।

# जिले के कार्यकर्ताओं की पहचान प्रतिबद्धता और संगठन कौशलः रामकिशोर कांवरे



### पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

**बालाघाट।** जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे की अध्यक्षता में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की व्यापक तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जहां भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कांवरे ने बताया कि, जिले के कार्यकर्ताओं की पहचान पूरे देश में उनकी प्रतिबद्धता, संगठन कौशल और राष्ट्र प्रथम के संकल्प के लिए है। हमने संगठन को केवल राजनीति का केंद्र नहीं, बल्कि परिवार के भाव से संचालित किया है। इसी कारण जनता का हमें अपार आशीर्वाद, स्नेह, विश्वास और समर्थन प्राप्त है। श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रशिक्षण के तहत 11 मार्च से 14 अप्रैल तक मंडल स्तरीय 4 दिवसीय प्रशिक्षण आहुत होगा। 15 अप्रैल से 22 मई तक 2 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न होंगे। वहीं आगामी समय में बूथ स्तर पर भी प्रशिक्षण सुनिश्चित किए गए हैं। इन्हें मूर्त रूप देने के लिए 28 फरवरी को जिला स्तरीय कार्यशाला होगी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोनू पांडे, किशोर अमूले, जितेन्द्र मोहारे, जिला महामंत्री डां नरेंद्र भैरम, संजय मिश्रा, जिला प्रशिक्षण सह प्रभारी जितेंद्र चौधरी, झामसिंह नागेश्वर, जिला मंत्री सुधीर चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी हेमेंद्र क्षीरसागर, जिला कार्यालय मंत्री सुमित यादव, जिला कार्यालय सह मंत्री चंद्रकांत पिपलेवार, तपन राजा चौधरी, प्रज्जवल चौरसिया सहित बड़ी संख्या भाजपा पदाधिकारियों ने बैठक में सहभागिता की। आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेंद्र क्षीरसागर ने देते हुए कहा, संगठन की शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। इसी विश्वास के साथ हम जनसेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर हैं।